Need to provide compensation to farmers of Ganganagar Parliamentary Constituency who lost their crops due to heavy rains and hailstorm.laid

श्री निहाल चंद चौहान (गंगानगर):मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गंगानगर की तहसील सूरतगढ़ के बड़े क्षेत्र में हुई भारी वर्षा और ओलावृष्टि की ओर आकर्षित करना चाहूँगा, जिसके कारण वहां खेतों में खड़ी फसलों को अत्यधिक नुकसान पहुंचा है, जिसकी सीधी मार मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्नदाताओं पर पड़ रही है।

गत 16 मार्च 2023 को सूरतगढ़ तहसील में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई थी, जिसकी सीधी मार गेहूं, जौ, चना, सरसों की फसलों और सब्जियों पर पड़ रही है और इस कारण यहाँ के किसानों को आर्थिक व मानसिक तौर पर परेशानियाँ उठानी पड़ रही है । किसान अपना खून-पसीना एक करके पूरी मेहनत के बल पर फसलों को उगाता है और बेमौसम की मार से उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में हुई इस भारी वर्षा व ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान की भरपाई करने हेतु जल्द से जल्द राज्य सरकार से आंकड़े मंगवाकर राज्य सरकार और बीमा कंपनियों को उचित मुआवजे की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।